तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज गोविन्द गहलोत बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार जोधपुर) **सू.अ.अ. अपील संख्या 238 / 2019**	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
01.01.20	पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी गोविन्द गहलोत पुत्र शंकरसिंह निवासी बड़ा बेरा, मण्डोर जोधपुर (राज.) ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 17.10.2019 में उसके द्वारा (1) ग्राम मण्डोर खसरा परिवर्तनशील सम्वत् 2058 ख.नं. 1933 / 48 रकबा 4 बीघा किस्म गै.मु. भाकर फसल खरीफ अतिकमी भीमसिंह, हुक्मसिंह, शंकरसिंह, चतरसिह पि0 सायबराम वगैरा माली एकल खिड़की का आवेदन कमांक 12273 दिनांक 14.10.19 में संबंधित द्वारा अवगत करवाया कि रेकार्ड रूम में रेकार्ड जमा नहीं है ऐसी स्थिति में पटवारी द्वारा दिलवाने की व्यवस्था करावे, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.(तहसीलदार जोधपुर) से आदिनांक तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के बारे में प्रार्थी को 15 दिवस में उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	